संचिका संख्या–12 / प0–04–04 / 13 7913

बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

सॉवर भारती, (वि0प्र0से0)
प्रशासी पदाधिकारी,
राज्य प0क0 ब्यूरो, स्वास्थ्य विभाग,
विकास भवन, बिहार, पटना ।

सेवा में,

प्रशासी पदाधिकारी,
राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार,
परिवार कल्याण भवन शेखपुरा, पटना /
सिविल सर्जन, सहरसा ।

/पटना, दिनांकः– 14/02/013

विषयः–श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार, माननीय स0वि0स0 द्वारा प्राप्त तारांकित सं0 द–14 के संबंध में उत्तर सामग्री उपलब्ध कराने के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रासांगिक पत्र के साथ प्राप्त विषयांकित प्रश्न की टंकित प्रति संलग्न करते हुए कहना है कि इसके आलोक में वांछित प्रश्नोत्तर सामग्री अविलम्ब उपलब्ध कराने की कृपा करे, ताकि अग्रेतर कार्रवाई की जा सके ।

ज्ञातव्य हो कि **दिनांक 22.02.2013** को बिहार विधान सभा सचिवालय को उत्तर सामग्री भेजना है । अतः लौटती डाक द्वारा विशेषदूत / फैक्स के माध्यम से भेजा सुनिश्चित करें ।

कृपया इसे अत्यावश्यक समझें ।

विश्वासभाजन

प्रशासी पदाधिकारी
राज्य प0क0 ब्यूरो, स्वास्थ्य विभाग,
विकास भवन बिहार, पटना

श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार, माननीय स0वि0स0 द्वारा प्राप्त तारांकित सं0 द–14

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें कि –

.1. क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सौर बाजार प्रखंड के तहत चन्दौर पश्चिमी ग्राम पंचायत के कुशवाहा मार्केट समदा में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं होने के कारण उक्त क्षेत्र की 60,000 की आबादी स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित है;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त कुशवाहा मार्केट समदा, पांच ग्राम पंचायत का मुख्य केन्द्र विन्दु है तथा उक्त स्थल पर स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण से उक्त सभी पंचायतों की आबादी को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा ;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त स्थान पर अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण का विचार रखती है, यदि हॉ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?